## CBSE Test Paper 04
### Ch-4 व्याकरण वाक्य रूपांतरण

---

1. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्यों की पहचान कीजिए –
   a. वर्षा तब हुई, जब सुबह हुई |
   b. सुबह होने पर वर्षा होने लगी |
   c. सुबह हुई और वर्षा होने लगी |
   d. जैसे ही सुबह हुई, वर्षा होने लगी |
2. चोर घर में घुसे | पुलिस आ गई | (संयुक्त वाक्य)
   a. चोर घर में घुसे और पुलिस आ गई |
   b. पुलिस तब आई, जब चोर घर में घुसे |
   c. जब चोर घर में घुसे, तब पुलिस आ गई |
   d. चोर के घर आने पर पुलिस घर आई |
3. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्रित या मिश्र वाक्यों की पहचान कीजिए-
   a. चारों ओर प्रकाश फैलने के कारण चंद्रमा दिखाई दिया |
   b. जैसे ही आकाश में चंद्रमा दिखाई दिया , वैसे ही चारों ओर प्रकाश फैल गया |
   c. चंद्रमा दिखाई दिया और चारों ओर प्रकाश फ़ैल गया |
   d. चंद्रमा के दिखाई देने पर प्रकाश फ़ैल गया |
4. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. आलसी होने के कारण वह विफल हुआ। (संयुक्त वाक्य)
   ii. शीला ने एक पुस्तक माँगी और वह उसे मिल गई। (मिश्र वाक्य)
   iii. सोने की चिड़िया कहलानेवाला यह वही भारत है। (मिश्र वाक्य)
   iv. मुझे चेन्नई जाना था, सवेरे उठना पड़ा। (संयुक्त वाक्य)

5. नीचे लिखे वाक्यों में से **किन्हीं तीन** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए:

   i. सालाना इम्तिहान हुआ, भाईसाहब फेल हो गए। **(मिश्र वाक्य में)**
   ii. दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाज़ार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया। **(सरल वाक्य में)**
   iii. लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे। **(संयुक्त वाक्य में)**
   iv. नूह ने उसकी बात सुनी और दुखी हो रोते रहे। **(मिश्र वाक्य में)**

6. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपान्तर कीजिए-

   i. शुल्क माफ कराने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखो।(मिश्र वाक्य)

ii. रमेश ने कहा कि मुझे जल्दी जाना है।(सरल वाक्य)
iii. मैंने रोते हुए बच्चे को शांत किया और रोने का कारण पूछा।(सरल वाक्य)
iv. संन्यासी आशीर्वाद देकर अंतर्ध्यान हो गया।(संयुक्त वाक्य)

7. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. बच्चा दौड़ कर मेरे पास आया। वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।
   ii. राम आया और चला गया। वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।
   iii. कमाने वाला खाएगा। वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए।
   iv. जब मजदूरों ने गड्ढा खोद लिया तब वे चले गए। वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।

8. नीचे लिखें वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए-

   i. आकाश में बादल होते ही घनघोर वर्षा होने लगी। (संयुक्त वाक्य में)
   ii. वह बगल के कमरे में कुछ बरतन ले आया। तौलिए से बरतन साफ़ किए। (संयुक्त वाक्य में)
   iii. लिखकर अभ्यास करने से कुछ भूल नहीं सकते। (मिश्र वाक्य में)
   iv. सीमा पर लड़ने वाले सैनिक ऐसे हैं कि जान हथेली पर लिए रहते हैं। (सरल वाक्य में)

## CBSE Test Paper 04
### Ch-4 व्याकरण वाक्य रूपांतरण

### Answer

1. c. सुबह हुई और वर्षा होने लगी |, **Explanation:** यह विकल्प सही है क्योंकि संयुक्त वाक्य में दो सरल वाक्य ‘ योजक’ शब्दों द्वारा जुड़े होते हैं और उनकाअपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है | इस विकल्प में ‘और’ योजक शब्द का प्रयोग दो वाक्यों को जोड़ने के लिया किया जा रहा है,इसलिए यह संयुक्त वाक्य है ।
2. a. चोर घर में घुसे और पुलिस आ गई |, **Explanation:** यह विकल्प सही है ,और समुच्चयबोधक का प्रयोग ।
3. b. जैसे ही आकाश में चंद्रमा दिखाई दिया , वैसे ही चारों ओर प्रकाश फैल गया |
   **Explanation:** यह विकल्प सही है क्योंकि मिश्रित वाक्यों में प्रथम वाक्य का दूसरे वाक्य पर प्रभाव पड़ता है | इस वाक्य में व्यधिकरण योजक शब्द है – जैसे-वैसे ।
4. i. वह आलसी था इसलिए विफल हुआ।
   ii. शीला ने जो पुस्तक माँगी थी वह उसे मिल गई।
   iii. यह वही भारत है जो सोने की चिड़िया कहलाता था।
   iv. मुझे चेन्नई जाना था इसलिए सवेरे उठना पड़ा।
5. i. जब सालाना इम्तिहान हुआ तब भाई साहब फेल हो गए।
   ii. दो सौ आदमियों का जुलूस लाल बाजार जाने पर / जाते ही गिरफ्तार हो गया।
   iii. लोगों ने टोलियाँ बनाई और मैदान में घूमने लगे।
   iv. जब नूह ने उसकी बात सुनी तब वे दुखी हो रोते रहे।
6. i. एक ऐसा प्रार्थना पत्र लिखों जो शुल्क माफ कराने के लिए हो।
   ii. रमेश ने मुझसे जल्दी जाने के लिए कहा।
   iii. मैंने रोते हुए बच्चे को शांत करा कर उससे रोने का कारण पूछा।
   iv. संन्यासी ने आशीर्वाद दिया और अंतर्ध्यान हो गया।
7. i. बच्चा दौड़ा और मेरे पास आया।
   ii. राम आकर चला गया।
   iii. जो कमाएगा, वह खाएगा।
   iv. मजदूरों ने गड्ढा खोदा और वे चले गए।
8. i. आकाश में बादल हैं इसीलिए घनघोर वर्षा होने लगी।
   ii. वह बगल के कमरे से कुछ बरतन ले आया और उन्हें तौलिए से साफ़ किया।
   iii. जो लिख कर अभ्यास करते हैं,वे कुछ भूल नहीं सकते।
   iv. सीमा पर लड़ने वाले सैनिक जान हथेली पर लिए रहते हैं।